तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शैतान सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353432182775485	[illegible]
18/05/26	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 16.03.2026 जिला कलक्टर जोधपुर को शैतान सिंह गोगादेव द्वारा कार्यालय जिला परिषद् जोधपुर द्वारा जारी पत्र कमांक जिपजो/पंचायत/हनवंतनगर/धारा–38/2025/10612 दिनांक 23.12.2025 को संदर्भित करते हुए मल्लिनाथ नगर में गैर मुमकीन ओरण भूमि (प्रतिबंधित भूमि) के खसरा संख्या 1209 में बनाये गये अन्नभण्डार को हटवाने तथा गैर मुमकीन ओरण भूमि (प्रतिबंधित भूमि) के खसरा संख्या 1209 को खाली करवाने हेतु लिखे पत्र पर की गई संपूर्ण कार्यवाही से संबंधित पत्रावली की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 586 दिनांक 27.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय हाजा से संबंधित न होकर कार्यालय जिला परिषद् जोधपुर से संबंधित होने के कारण कार्यालय के पत्र दिनांक 24.03.2026 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित करते हुए अपीलार्थी को पृष्ठांकित कर सूचित किया जा चुका है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22285179
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.20 06:34:51 IST
Reason: Approved